सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5600	30.10.2019	30.10.2019	**Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh**	Dainik Jagran Hindi Newspaper 30th October, 2019/Page No. 07
Title:	**16 fell ill after consuming momos in district Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Gautam Budh Nagar, SSU-Uttar Pradesh			

ग्रेटर नोएडा में मोमोज खाने से 16 लोग हुए बीमार, सैंपल जांच के लिए भेजा

बीटा दो कोतवाली क्षेत्र स्थित अल्फा दो सेक्टर में ठेली पटरी पर लगने वाले मोमोज को खाने से 16 लोग बीमार हो गए। सभी शहर के अलग-अलग अस्पताल में भर्ती है। तीन दिन से अस्पताल में भर्ती पीड़ित दिवाली नहीं मना पाए।

पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि आरडब्ल्यूए की मिलीभगत से सेक्टर में अवैध ठेली पटरी लगती हैं। सूत्रों ने दावा किया है कि सेक्टर में लगने वाली मोमोज की ठेली लगाने के लिए आरडब्ल्यूए पास जारी करता है। पास के नाम पर एक ठेली वाले से पांच से सात हजार तक की वसूली की जाती है। मोमोज खाकर बीमार होने वालों में अधिकतर छात्र-छात्रएं हैं।

अल्फा दो सेक्टर में बड़ी संख्या में पीजी हैं जिनमें रहने वाले छात्र अक्सर फास्ट-फूड खाने आते हैं। धनतेरस की रात अल्फा दो सेक्टर में लगने वाले मोमोज खाने से कुल 16 लोग बीमार हो गए। किसी को पेट दर्द है तो किसी की उल्टी नहीं बंद नहीं हो रही है। मोमोज खाने से सेक्टर में रहने वाले इशिता मिश्र, सुमित, अमन, आलोक सहित कई अन्य लोग बीमार हो गए। इशिता व आलोक आस्था अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि सुमित व

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अमन का उपचार नवीन अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों को गलत खाना खाने से उल्टी व दस्त हो रही है। मामला बढ़ता देख सेक्टर के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मोमोज का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

वसूली के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता: सूत्रों ने बताया है कि सेक्टर में कई मोमोज के ठेले लगते हैं। जिनसे वसूली की जाती है। वसूली के इस गोरखधंधे के चक्कर में गुणवत्ता की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। शहर के कई अन्य सेक्टर भी ऐसे है जहां पास के नाम पर वसूली कर ठेलियां सेक्टर के अंदर लगवाई जाती है।